राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

नई दिल्ली

मंगलवार • 17 दिसम्बर • 2024

दिल्ली एनसीआर में ग्रेप तीन फिर लागू

दिल्ली के स्कूल फिर से हाईब्रिड मोड में चलेंगे

नई दिल्ली (एसएनबी)। राजधानी दिल्ली के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और गैर सरकारी सहायता प्राप्त पब्लिक स्कूल एक बार फिर हाईब्रिड मोड यानि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में चलेंगे। स्कूलों में नर्सरी से पांचवीं तक की कक्षाएं हाईब्रिड मोड में चलेंगी, बाकी कक्षाएं पूरी तरह से फिजिकल मोड में चलेंगी। दिल्ली के ग्रेप तीन लागू किए जाने के चलते शिक्षा निदेशालय ने यह फैसला लिया है। इस बाबत सोमवार को स्कूलों के लिए एक आदेश जारी किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू करने को कहा गया है और यह आदेश अगले आदेश तक जारी करने तक लागू करेगा। निदेशालय ने स्कूलों को इस संबंध में अभिभावकों को तत्काल प्रभाव से सूचित करने को कहा है।

- नर्सरी से पांचवीं तक के स्कूल चलेंगे हाईब्रिड मोड में
- छठी से बारहवीं तक फिजिकल मोड में हीं चलेंगे स्कूल

पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रूमा पाठक ने कहा कि हमने अभिभावकों को इस संबंध में सूचित कर दिया है। हम शिक्षा निदेशालय के आदेश के अनुसार इसका अनुपालन करेंगे। विकासपुरी स्थित ममता मॉडर्न स्कूल की प्रधानाचार्य पल्लवी शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन क्लासेज में थोड़ी समस्या होती है, क्योंकि अभिभावकों को भी छोटे बच्चों के साथ बैठना पढ़ता है। साथ ही ईडब्ल्यूएस के छात्रों के पास लैपटॉप नहीं होता और मोबाइल फोन भी एक होता है, जो अभिभावक ले जाते हैं। ऐसे में ऑनलाइन में दिक्कत रहती है। हम शिक्षा निदेशालय के अनुसार हम हाईब्रिड लागू करेंगे। इसमें छात्रों को स्कूल आने की बाध्यता नहीं होती है, वह चाहें तो स्कूल आयें या घर से क्लासेज में बैठ सकते हैं।